-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ई-रिक्शा सत्यापन हेतु बांदा पुलिस द्वारा जीआईसी ग्राउंड बांदा में लगाया गया है निःशुल्क कैम्प । अब तक लगभग 500 ई-रिक्शा का सत्यापन कर लगाए जा चुके हैं QR कोड । यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा अपराध नियंत्रण हेतु शुरू की गई है पहल ।**

विवरण- जनपद में यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने, शहर में ई-रिक्शा सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं संगठित बनाने तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत ई-रिक्शा मालिकों/चालकों के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा एक अनोखी पहल शुरू की गई है जिसके अन्तर्गत ई-रिक्शा मालिकों/चालकों का सत्यापन कर एक विशेष QR कोड प्रदान किया जा रहा है, इस क्रम में GIC ग्राउंड बांदा में लगाये गए निःशुल्क कैम्प के माध्यम से अब तक लगभग 500 ई-रिक्शा का सत्यापन कर उन पर QR कोड चस्पा किए जा चुके हैं। कोई भी यात्री QR को स्कैन कर ई-रिक्शा चालक/मालिक के बारे जानकारी कर सकता है साथ ही कोई महिला यात्री इसका विवरण अपने परिवारीजनों को भी साझा कर सकती है। सभी यात्रियों खासकर महिला यात्रियों से अपील है कि वे सत्यापित ई-रिक्शा जिसमें QR कोड चस्पा हों उन्ही पर यात्रा करें, ऐसे ई-रिक्शों का पुलिस द्वारा वेरिफिकेशन किया जा चुका है । ई-रिक्शा चालक रजिस्ट्रेशन/सत्यापन के संबंध में मो0नं0 8739079875/8174836194 सम्पर्क कर सकते हैं। ई-रिक्शा चालक नजदीकी जनसेवा केन्द्र से **https://bandapolice.com/** पर जाकर भी सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी ई-रिक्शा चालकों/मालिकों से अपील है कि वे निःशुल्क कैम्प पहुंचकर सत्यापन कराएं इससे वे कई प्रकियागत समस्याओं से बच सकते हैं तथा यह उनके रोजगार में मदद करेगा। ई-रिक्शा सत्यापन हेतु अपने साथ आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा रेजिस्ट्रेशन पेपर साथ लाए, इस संबंध में यदि कोई समस्या होती है तो ऊपर दिए गए नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं। सत्यापन की प्रकिया पूर्णतः निःशुल्क है।